झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र सेट-5

कक्षा-10	विषय- हिंदी 'बी'	समय – 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक-40

सामान्य निर्देश:-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए ।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे ।**

खंड 'क' (अपठित बोध)

निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।

जिनके पास धैर्य है, वह जो इच्छा करता है, प्राप्त कर लेता है । प्रकृति हमें धीरज धारण करने की सीख देती है । धैर्य जीवन में लक्ष्य-प्राप्ति का द्वार खोलता है । जो लोग 'जल्दी करो, जल्दी करो' की रट लगाते हैं, वे वास्तव में 'अधीर मन, गति कम' की प्राचीन लोकोक्ति को चरितार्थ करते हैं । सफलता और सम्मान उन्हीं को प्राप्त होता है, जो धैर्यपूर्वक काम में लगे रहते हैं । शांत मन से किसी काम को करने में कम समय लगता है । बचपन के बाद जवानी धीरे-धीरे आती है । संसार के सभी कार्य धीरे-धीरे ही संपन्न होते हैं । यदि कोई रोगी डॉक्टर से दवाई लेने के तुरंत पश्चात् पूर्णतया स्वस्थ होने की कामना करता है, तो यह उसकी नितांत मूर्खता है । वृक्ष को कितना भी पानी दो, परन्तु फल-प्राप्ति तो समय पर ही होगी। कहा गया है कि-
"धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होत।माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होत ।
जब सब कार्यों का समय निश्चित है तो अधीर होने की क्या आवश्यकता है?

01. 'लक्ष्य-प्राप्ति' का द्वार जीवन में कौन खोलता है?

A.इच्छा B. विवेक C. आशा D. धैर्य

02. 'अधीर मन, गति कम' की प्राचीन लोकोक्ति को कौन चरितार्थ करते हैं?

A. जो धैर्य से काम करते हैं　　B. जो 'जल्दी करो जल्दी करो' की रट लगाते हैं

C. जो परिश्रम से कार्य करते हैं　　D. इनमें से कोई नहीं

03. गद्यांश में आए दोहे का भावार्थ है-

A. परिश्रम का फल कभी नहीं मिलता

B. परिश्रम और परिणाम का कोई संबंध नहीं है

C. परिश्रम का फल समय आने पर ही मिलता है

D. परिश्रम का फल समय आने से पहले मिल जाता है

04. किसी काम को करने में कम समयलगता है, जब काम क्या जाता है-

A. चंचल मन से　　B. उद्विग्न मन से

C. शोर करने से　　D. शांत मन से

05. इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है-

A. धैर्य का महत्व　　B. अनुशासन का महत्व

C. पर उपदेश कुशल बहुतेरे　　D. परिश्रम का महत्व

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रशन संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

विघ्नों का दल चढ़ आए तो, उन्हें देख भयभीत न होंगे।

अब न रहेंगे दलित दीन हम, कहीं किसी से हीन न होंगे।

क्षुद्र स्वार्थ की खातिर हम तो कभी न गर्हित कर्म करेंगे।

पुण्यभूमि यह भारतमाता, जग की हम तो भीख न लेंगे।

मिसरी-मधु-मेवा-फल सारे, देती हमको सदा यही है।

कदली, चावल, अन्न विविध औ' क्षीर सुधामय लुटा रही है।

आर्यभूमि उत्कर्षमयी यह, गूँजेगा यह गान हमारा।

कौन करेगा समता इसकी, महिमामय यह देश हमारा।

06. प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर बताइए कि लोग निंदित कर्म क्यों करते हैं?

A. दूसरे को सताने के लिए B. छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए

C. दूसरों को पीछा छोड़ने के लिए D. अपनी संपत्ति बढ़ाने के लिए

07. काम करते हुए लोग प्रायः डरते हैं-

A. शत्रुओं से B. विघ्न-बाधाओं से C. क्षुद्र स्वार्थों से D. सहायता न मिलने से

08. कोई देश हमारे देश से समता नहीं कर सकता क्योंकि हमारा देश-

A. विशाल है B. शक्तिशाली है C. संपन्न है D. महिमावान है

09. 'जग की हम तो भीख न लेंगे' का क्या भाव है?

A. हम आश्रित हैं B. हम कमजोर हैं

C. हम आलसी हैं D. हम स्वाभिमानी हैं

10. कविता में भारत का विशेषण नहीं है-

A. महिमामय B. गर्हित C. उत्कर्षमय D. पुण्यभूमि

खंड-ख (व्याकरण)

11. 'प्रवचन' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ?

A. पर B. प्र C. प्रव D. पर्

12. 'ससुराल' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

A. ससुर B. राल C. आल D. सुराल

13. 'इत्यादि' का सही संधि-विच्छेद क्या है?

A. इत+आदि B. इति+यादि C. इत्+आदि D. इति+आदि

14. दो वर्णों के मेल से उत्पन्न विकार को क्या कहते हैं?

A. संधि B. समास C. उपसर्ग D. प्रत्यय

15. 'परोपकार' में कौन-सी संधि है?

A. विसर्ग संधि B. गुण संधि C. वृद्धि संधि D. यण संधि

16. तताँरा एक <u>नेक और मददगार</u> व्यक्ति था। वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है:-

A. विशेषण पदबंध		B. संज्ञा पदबंध

C. क्रिया पदबंध		D. क्रिया विशेषण पदबंध

17. 'नीरस' का विलोम शब्द क्या है?

A. रसीला	B. सरस	C. विरस	D. अरस

18. 'अंधकार' का पर्यायवाची शब्द क्या है?

A. पंक	B. आतंक	C. तिमिर	D. घन

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19-23 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार,
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़;
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल ।

19. इन पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

A. वसंत ऋतु	B. ग्रीष्म ऋतु	C. हेमंत ऋतु	D. वर्षा ऋतु

20. कौन अपना वेश पल-पल बदल रही है?

A. ऋतु	B. प्रकृति	C. जल	D. दर्पण

21. पर्वत दूर से देखने पर कैसे लग रहे हैं?

A. धनुषाकार	B. मेखलाकार	C. वृत्ताकार	D. आयताकार

22. पर्वत अपनी कैसी आँखों से जल में अपने रूप को निहार रहे हैं?

A. काजल लगी आँखों से B. नीली-नीली आखों से

C. फूलों रूपी आँखों से D. बड़ी-बड़ी आँखों से

23. 'दर्पण-सा फैला विशाल' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए।

A. उपमा B. रूपक C. मानवीकरण D. उत्प्रेक्षा

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

24. 'कस्तूरी कुंडल बसै...' इस साखी में किस बात पर बल दिया गया है?

A. ईश्वर मन में ही है B. ईश्वर वन में है

C. ईश्वर भवन में है D. ईश्वर आकाश में है

25. साखी में 'सुखिया' व्यक्ति किसे बताया गया है?

A. परेशानी दूर करने वाला व्यक्ति B. खाने और सोने में व्यस्त संसार

C. लड़ने-झगड़ने में व्यस्त संसार D. दूसरों को दुखी देखकर प्रसन्न रहने वाला

26. हमें निंदा करने वालों की निंदा भरी बातें सुनकर-

A. परेशान होना चाहिए B. परेशान नहीं होना चाहिए

C. उन पर क्रोध करना चाहिए D. उनकी बात नहीं सुनने का उपाय करना चाहिए

27. 'हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि'। इसमें 'मुराड़ा' को किसका प्रतीक बताया गया है?

A. आत्मज्ञान का B. विध्वंस का C. कायरता का D. ईश्वर का

28. कबूतर को बचाने के लिए अपना मांस किसने दिया?

A. रंतिदेव ने B. उशीनर के राजा शिबि ने

C. प्रह्लाद ने D. राजा ने

29. कवि ने असली मनुष्य किसको माना है?

A. जो संसार को भाईचारे के भाव में बाँधता है B. जो दूसरे की चिंता करता है

C. जो दया और परोपकारी भाव रखता है D. उपरोक्त सभी

30. 'सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही' का क्या भाव है?

A. दया और करुणा का भाव सबसे बड़ा धन है

B. धन ही सबसे बड़ा है

C. दया नहीं करनी चाहिए

D. महाविभूति के पास धन है

31. 'मनुष्य मात्र बंधु है' से कवि का क्या भाव है?

A. हम सब भाई-बंधु हैं B. ईश्वर एक है

C. बंधु एक मनुष्य है D. मनुष्यों का आपस में कोई संबंध नहीं है

निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 32-36 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई है। कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रस्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई। पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी। मोटर लारियों में गोरखे तथा सार्जेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे। कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं। घुड़सवारों का प्रबंध था। कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था। बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था।

32. किस बाज़ार में सभी मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहराया गया था?

A. लाल बाज़ार B. बड़े बाज़ार C. बिहु बाज़ार D. चौरंगी बाज़ार

33. सजे हुए मकानों को देखकर क्या लगता था?

A. मानो स्वतंत्रता मिल गई हो B. मानो आज कोई समारोह हो

C. मानो सरकारी समारोह हो D. मानो आज बड़ा दिन हो

34. शहर में अपना शक्ति प्रदर्शन कौन कर रहे थे?

A. क्रांतिकारी B. पुलिस C. विद्यार्थी D. समाजसेवक

35. लारियाँ शहर में क्यों घुमाई जा रही थी?

A. क्रांतिकारियों का साथ देने के लिए

B. क्रांति को बढ़ावा देने के लिए

C. स्वतंत्रता सेनानियों का हौसला बढ़ाने के लिए

D. स्वतंत्रता सेनानियों का हौसला पस्त करने के लिए

36. किसी भी जगह ट्रैफिक पुलिस क्यों नहीं थी?

A. ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता नहीं थी

B. ट्रैफिक पुलिस हड़ताल कर रही थी

C. ट्रैफिक पुलिस सरकारी अफसरों की आगवानी में लगी थी

D. ट्रैफिक पुलिस को पार्कों और मैदानों में लगाया गया था

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।

37. बड़े भाई साहब' के लेखक निराशा के बादल फटने पर क्या करते थे?

A. खेलने चले जाते थे B. झटपट एक टाइम-टेबिल बना डालते थे

C. आसमान सर पर उठा लेते थे D. पढने बैठ जाते थे

38. लेखक के टाइम-टेबिल से कौन-सी मद उड़ जाती थी?

A. इतिहास पढ़ने की B. खेलने-कूदने की C. टहलने की D. हिंदी पढ़ने की

39. लेखक के सिर पर किसकी नंगी तलवार लटकती रहती थी?

A. बड़े भाई की डांट की B. पढाई के भार की

C. आनेवाली परीक्षा की D. पिताजी के उपदेश की

40. 'अंधे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

A. बिना माँगे कुछ मिल जाना B. बिना योग्यता के बहुत कुछ मिल जाना

C. धन की प्राप्ति होना D. अंधा होने का फायदा मिलना

*****